खुरपका मुँहपका रोग (एफ.एम.डी.) के नियंत्रण में पशुपालक की महत्वपूर्ण भूमिका

डा. राजीव रंजन, वैज्ञानिक

भा.कृ.अनु.प.-परियोजना निदेशालय खुरपका मुँहपका रोग

एफएमडी के संस्थान

दक्षिण एशिया में एफएमडी के लिए एफएओ संदर्भ केन्द्र

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्

मुक्तेश्वर-263138, उत्तराखंड

OIE/FAO
Global Foot and Mouth Disease
Reference Laboratories Network
Regional Centre- India

FAO Reference Centre for Foot and Mouth Disease

परिचय

खुरपका मुँहपका रोग (एफ.एम.डी.) गाय, भैस, सुअर, बकरी, भेड. एवं कुछ वन्य पशु जैसेकि मिथुन, हाथी इत्यादि में होने वाला एक अत्याधिक संक्रामक रोग है, खासकर दुधारू गाय एवं भैंस में यह बीमारी अधिक नुकसान दायक होती है। यह रोग एक अत्यंत सूक्ष्म विषाणु से होता है। यह पशुओं में अत्याधिक तेजी से फैलने वाला रोग है, तथा कुछ समय में एक झुंड या पूरे गाँव के अधिकतर पशुओं को संक्रामित कर देता है। इस रोग से पशुधन उत्पादन में भारी कमी आती है साथ ही देश से पशु उत्पादों के निर्यात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस बीमारी से अपने देश में प्रतिवर्ष लगभग 20 हजार करोड़ रूपये की प्रत्यक्ष नुकसान होती है।

रोग लक्षण

तीव्र ज्वर (102–105°फा.), साधारणतः युवा पशु में यह जानलेवा होता है परंतु वयस्क पशु में नहीं, पशुओं की मृत्यु प्रायः गलाघोटु रोग के होने से होती है (गलाघोटु रोग से बचाने के लिए अपने पशुओं को बरसात से पहले इसकी टीका अवश्य लगवाऐं)।

- मुँह से अत्याधिक लार का टपकना (रस्सी जैसा)।
- जीभ तथा तलवे पर छालों का उभरना जो बाद में फट कर घाव में बदल जाते हैं।
- जीभ की सतह का निकल कर बाहर आ जाना एवं थूथनों पर छालों का उभरना।
- खुरों के बीच में घाव होना जिसकी वजह से पशु का लंगड़ा कर चलना या चलना बंद कर देता है। मुँह में घावों कि वजह से पशु भोजन लेना तथा जुगाली करना बंद कर देता है एवं कमजोर हो जाता है।
- दूध उत्पादन में लगभग 80 प्रतिशत की कमी, गाभिन पशुओं के गर्भपात एवं बच्चा मरा हुआ पैदा हो सकता है।
- बछड़ो में अत्याधिक ज्वर आने के पश्चात बिना किसी लक्षण की मृत्यु होना।

खुरपका मुँहपका रोग से प्रभावित गाय एवं भैंस के घाव (मुँह, खुर एवं छिमी)

रोकथाम के उपाय

इस रोग का उपचार अब तक संभव नहीं हो सका है, इसलिए रोकथाम ही सबसे कारगर नियंत्रण का उपाय है। सभी किसान/पशुपालक को अब इस रोग के प्रति जागरूकता दिखाने की आवश्यकता है तभी इस रोग का रोकथाम संभव है।

- पशुपालकों को अपने सभी पशुओं (चार महीने से ऊपर) को टीका/भेद लगवाना चाहिए। प्राथमिक टीकाकरण के चार सप्ताह के बाद पशु को बूस्टर/वर्धक खुराक दिया जाना चाहिए और प्रत्येक 6 महीने में नियमित टीकाकरण करना चाहिए।
- प्रत्येक पशु को 6 महीने में एक बार कृमि नाशक दवा जैसे–कि फेनबेनडाजोल, आईवरमेक्टिन देना चाहिए।
- नये पशुओं को झुंड या गाँव में मिश्रित करने से पूर्व सिरम से उसकी जाँच आवश्यक है। केन्द्रीय प्रयोगशाला, मुक्तेश्वर, उत्तराखंड एवं एआइसीआरपी केन्द्र बंगलोर, गुवाहाटी, हिसार, मथुरा, हैदराबाद, कोलकत्ता, पुणे, रानीपेत, अगरत्तला, अहमदाबाद, एजवाल, भोपाल, कटक, इम्फाल, इटानगर, जयपुर, जलंधर, जम्मु, कोहिमा, लखनऊ, पटना, शिमला एवं तिरुवनंतपुरम केन्द्र पर इसकी जाँच की सुविधा उपलब्ध है। इन नए पशुओं को कम से कम चौदह दिनों तक अलग बाँध कर रखना चाहिए तथा भोजन एवं अन्य प्रबन्धन भी अलग से ही करना चाहिए।
- पशुओं को पूर्ण आहार देना चाहिए जिससे खनिज एवं विटामीन की मात्रा पूर्ण रूप से मिलती रहे।

रोग जाँच हेतु नमूनें/पदार्थ

मुँह, खुर एवं छिमी का घाव, लार, दुध इत्यादि को निकटतम प्रयोगशाला को वर्फ में रखकर जांच हेतु जल्द से जल्द भेजें अथवा ऊपर लिखित केन्द्रो पर तुरंत सुचित करें। यदि संभव हुआ तो मुँह, खुर एवं छिमी के घाव को 50% बफर ग्लिसेरीन में रखकर भेजे।



भारतवर्ष में विकसित खुरपका मुँहपका रोग के जाँच में उपयोग होनेवाली किट

उपचार

मुँह में बोरो ग्लिसेरीन (850मिली ग्लिसेरीन एवं 120 ग्राम बोरेक्स) लगाए। शहद एवं मडूआ या रागी के आटा को मिलाकर लेप बनाएँ एवं मुँह में लगाऐं। पशुचिकित्सक की परामर्श पर ज्वरनाशी एवं दर्दनाशक का प्रयोग करे एवं जिस पशु के मुँह, खुर एवं छिमी में घाव हो उसको 3 या 5 दिन तक प्रतिजैविक जैसेकि डाइक्रिस्टीसीन या ऑक्सिीटेटरासाइकलीन का सुई लगाए। खुर के घाव में हिमैक्स या नीम के तेल का प्रयोग करे जिससे की मक्खी नही बैठे क्योंकि मक्खी के बैठने से कीड़े होते है। कीड़े लगने पर तारपीन तेल का प्रयोग करें। इसके अलावा मडूआ या रागी एवं गेहुं का आटा, चावल के बराबर मात्रा को पकाकर तथा उसमें गुड़ या शहद, खनिज मिश्रण को मिलाकर पशु को नियमित दे। साथ ही साथ अपने पशुओं को प्रोटीन भी दे।

किसी एक गांव/क्षेत्र में खुरपका मुँहपका रोग प्रकोप के समय क्या करें, क्या नही करें ?

क्या करें ?

- निकटतम सरकारी पशुचिकित्सा अधिकारी को सूचित करें।
- प्रभावित पशुओं के रोग का पता लगने पर तुरंत उसे अलग करें।
- दूध निकालने के पहले आदमी को अपना हाथ एवं मुँह साबुन से धोना चाहिए तथा अपना कपड़ा बदलना चाहिए क्योंकि आदमी से बीमारी फैल सकता है।
- बीमारी को फैलने से बचाने के लिए पूरे प्रभावित क्षेत्र को 4 प्रतिशत सोडियम कोर्बोनेट (Na_2CO_3) घोल (400 ग्राम सोडियम कार्बोनेट 10 लीटर पानी में) या 2 प्रतिशत सोडियम हाइड्राक्साइड (NaOH) से दिन में दो बार धोना चाहिए एवं इस प्रकिया को दस दिन तक दोहराना चाहिए।
- स्वस्थ एवं बीमार पशु को अलग–अलग रखना चाहिए।
- बीमार पशुओं को स्पर्श करने के बाद व्यक्ति को 4 प्रतिशत सोडियम कार्बोनेट घोल के साथ खुद को, जूते एवं चप्पल, कपड़े आदि धोने चाहिए।
- समाज को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दूध इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल किये बर्तन एवं दूध के डिब्बे को 4 प्रतिशत सोडियम कोर्बोनेट घोल से सुबह और शाम धोने के बाद ही उन्हें गांव से अंदर या बाहर भेजना चाहिए।
- संक्रमित गांव के बाहर 10 फिट चौड़ा बलीचिंग पाउडर का छिड़काव करना चाहिए। पशुचिकित्सक को चाहिए की प्रारंभिक चरण के प्रकोप में बचे पशुओं में, संक्रमित गांव/क्षेत्र के आसपास, रोग के आगे प्रसार को रोकने के लिए वृत्त टीकाकरण (टीकाकरण की शुरूआत स्वस्थ पशुओं में बाहर से अंदर की ओर) करना चाहिए तथा टीकाकरण के दौरान प्रत्येक पशु के लिए अलग–अलग सुई का प्रयोग करें तथा इस दौरान बीमार पशु को नही छुएं । टीकाकरण के 15 से 21 दिनों के बाद ही पशुओं को गांव में लाना चाहिए।
- इस प्रकोप को शांत होने के बाद इस प्रकिया को एक महीने तक जारी रखा जाना चाहिए।

क्या नही करें ?

- सामुहिक चराई के लिए अपने पशुओं को नहीं भेजें, अन्यथा स्वस्थ पशुओं में रोग फैल सकता है।
- पशुओं को पानी पीने के लिए आम स्रोत जैसेकि तालाब, धाराओं, नदियों से सीधे उपयोग नहीं करना चाहिए, इससे बीमारी फैल सकती है। पीने के पानी में 2 प्रतिशत सोडियम बाइकोर्बोनेट घोल मिलाना चाहिए।
- रोगग्रस्त पशुओं को अन्य पशुओं के साथ न आने दे।
- लोगों को गांव के बाहर आने–जाने के द्वारा रोग फैल सकता है। लोगों को ज्यादा इधर उधर नहीं घूमना चाहिए। वे स्वस्थ पशुओं के साथ संपर्क में नहीं जाएं तथा खेतों एवं स्थानों पर जहाँ पशुओं को रखा जाता है वहाँ जाने से उन्हें बचना चाहिए।
- प्रभावित क्षेत्र से पशुओं की खरीदी न करें।

संपर्क करे :

फोनः 05942–286004, 09690576277, फैक्सः 05942–286307

ईमेलः drrajraj@gmail.com, pattnaikb@gmail.com

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch